### ओमिक्रान खतरे पर मंथन : जिला संकट प्रबंधन समूह की बैठक हुई

# जनप्रतिनिधियों ने दिए सुझाव, अधिकारियों ने तैयारी बताई

रतलाम। ओमीक्रोन वेरिएंट के दृष्टिगत जिला संकट प्रबंधन समूह की बैठक शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में जावरा विधायक डॉ. राजेंद्र पांडे, ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना मौजूद थे। शहर विधायक चैतन्य काश्यप ऑनलाइन बैठक से जुड़े थे। इसके अलावा कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, गोविंद काकानी, अपर कलेक्टर एमएल आर्य, सीईओ जिला पंचायत जमुना भिड़े, मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता, सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम अभिषेक गहलोत, डॉ. गौरव बोरीवाल, डॉ. प्रमोद प्रजापति, नर्सिंग होम एसोसिएशन से डॉ. जयंत सूबेदार आदि उपस्थित थे।

बैठक में कोरोना के ओमीक्रोन वेरिएंट की चुनौती से निपटने के लिए रतलाम जिले में की गई तैयारियों से अवगत कराया या। जनप्रतिनिधियों ने अपने सुझाव रखे कलेक्टर ने कार्य योजना की जानकारी दी। बैठक में विधायक डॉ. पांडे ने कहा कि तीसरी लहर की स्थिति में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में दवाइयों व उपकरणों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके लिए आवश्यकता पड़ी तो विधायक निधि से भी राशि दी जाएगी। विधायक श्री काश्यप ने शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र में भी पर्याप्त संख्या में सैंपल लेनें पर जोर दिया। श्री काश्यप ने ऑक्सीजन प्लांट और ऑक्सीजन बेड की बेहतर कनेक्टिविटी की बात भी कही। विधायक श्री मकवाना ने ग्रामीण क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में सेंपलिंग की बात कही।



कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम ने मेडिकल कॉलेज डीन को निर्देश दिए कि कॉलेज में आने वाले मरीजों के परीक्षण के लिए विशेष टीम तैनात रहेगी जो यह निर्णय लेगी कि मरीज को भर्ती किया जाना चाहिए अथवा नहीं या होम आइसोलेशन से उपचार हो जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि पॉजिटिव मरीज के परिजनों को भी क्वॉरेंटाइन किया जाएगा। बैठक में डॉ. प्रमोद प्रजापति द्वारा दिए गए प्रेजेंटेशन में बताया गया कि जिले में कुल 1221 ऑक्सीजन बेड आज की स्थिति में उपलब्ध है जिनमें ऑक्सीजन कंसंट्रेटर की मदद से ऑक्सीजन सपोर्ट वाले बेड भी शामिल है। इसके अलावा बच्चों के लिए ऑक्सीजन बेड, हाई डेफिनेशिएनसी यूनिट, गहन चिकित्सा इकाई आईसीयू उपलब्धता के बारे में बताया गया। जावरा में भी मरीजों को उपचार के लिए इस बार अच्छी व्यवस्था है। पूरे जिले में अभी 723 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर की उपलब्धता है।

कलेक्टर ने बताया कि कि मेडिकल कॉलेज तथा जिला चिकित्सालय में 24 घंटे बिजली उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मरीजों के परिजनों को मेडिसिन किट का वितरण किया जाए। पैरामेडिकल स्टाफ तथा ग्रामीण क्षेत्रों के प्राइवेट डॉक्टर्स को भी कोरोना उपचार के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। बताया गया कि जिले के विकासखंडों के शासकीय चिकित्सालयों में 560 बेड है, इनमें 200 बेड ऑक्सीजनयुक्त हैं। डॉक्टर जयंत सूभेदार ने रतलाम शहर में 15 प्राइवेट अस्पतालों में 602 बेड उपलब्धता की जानकारी दी। विधायक डॉ. पांडेय ने कहा कि मेडिकल कॉलेज तथा जिला चिकित्सालय में सुव्यवस्थित ढंग से कार्य निपटारे हेतु प्रशासक अधिकारी की तैनाती की जाना चाहिए जो सेवानिवृत्त व्यक्ति भी हो सकता है। जिले में की जा रही सैंपलिंग तथा टेस्टिंग की जानकारी में बताया गया कि बाजना तथा पिपलोदा में कार्य अपेक्षित नहीं हुआ है। इस पर कलेक्टर द्वारा सीएमएचओ को बाजना तथा डीपीएम को पिपलोदा पहुंचकर मॉनिटरिंग के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में 5 कोविड पेशेंट जिले में हैं जो एसिंप्टोमेटिक हैं। कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय फीवर क्लिनिक पर आने वाले लाक्षणिक मरीजों को क्वॉरेंटाइन करने के निर्देश दिए।

## आज से अव्यस्कों को टीका

जिले में बच्चों के वैक्सीनेशन पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर ने बताया कि जिले में 15 से 18 वर्ष आयु वाले लगभग 20 हजार ऐसे बच्चे हैं जो स्कूलों में दर्ज नहीं है। इनमें ड्रॉपआउट बच्चे, पन्नी बीनने वाले बच्चे आदि सम्मिलित हैं। उक्त प्रकार के बच्चों का भी ढूंढकर वैक्सीनेशन किया जाना है। कलेक्टर ने बताया कि आगामी 10 जनवरी के बाद 60 प्लस वालों का भी बूस्टर डोज वैक्सीनेशन किया जाएगा, जो ऐच्छिक रहेगा। बैठक में कलेक्टर द्वारा बताया गया कि रविवार को जिले में मास्क नहीं पहनने वालों के विरुद्ध सघन रूप से कार्रवाई की जाएगी।

नवभारत

नवभारत २/१/२२

# जिला संकट प्रबंधन समूह की बैठक संपन्न

रतलाम। ओमीक्रोन वेरिएंट के दृष्टिगत जिला संकट प्रबंधन समूह की बैठक शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में जावरा विधायक डॉ. राजेंद्र पांडे, ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना मौजूद थे। शहर विधायक चैतन्य काश्यप ऑनलाइन बैठक से जुड़े थे। इसके अलावा कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, गोविंद काकानी, अपर कलेक्टर एम.एल. आर्य, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता, सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम अभिषेक गहलोत, डॉ. गौरव बोरीवाल, डॉ. प्रमोद प्रजापति, नर्सिंग होम एसोसिएशन से डॉ. जयंत सूबेदार आदि उपस्थित थे।




बैठक में कोरोना के ओमीक्रोन वेरिएंट की चुनौती से निपटने के लिए रतलाम जिले में की गई तैयारियों से अवगत कराया या। जनप्रतिनिधियों ने अपने सुझाव रखे कलेक्टर ने कार्य योजना की जानकारी दी। बैठक में विधायक डॉ. पांडे ने कहा कि तीसरी लहर की स्थिति में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में दवाइयों व उपकरणों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके लिए आवश्यकता पड़ी तो विधायक निधि से भी राशि दी जाएगी। विधायक श्री काश्यप ने शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र में भी पर्याप्त संख्या में सैंपल लेने पर जोर दिया। श्री काश्यप ने ऑक्सीजन प्लांट और ऑक्सीजन बेड की बेहतर कनेक्टिविटी की बात भी कही। विधायक श्री मकवाना ने ग्रामीण क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में सेंपलिंग की बात कही। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने मेडिकल कॉलेज डीन को निर्देश दिए कि कॉलेज में आने वाले मरीजों के परीक्षण के लिए विशेष टीम तैनात रहेगी जो यह निर्णय लेगी कि मरीज को भर्ती किया जाना चाहिए अथवा नहीं या होम आइसोलेशन से उपचार हो जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि पॉजिटिव मरीज के परिजनों को भी क्वॉरेंटाइन किया जाएगा। बैठक में डॉ. प्रमोद प्रजापति द्वारा दिए गए प्रेजेंटेशन में बताया गया कि जिले में कुल 1221 ऑक्सीजन बेड आज की स्थिति में उपलब्ध है जिनमें ऑक्सीजन कंसंट्रेटर की मदद से ऑक्सीजन सपोर्ट वाले बेड भी शामिल है। इसके अलावा बच्चों के लिए ऑक्सीजन बेड, हाई डेफिनेशिएनसी यूनिट, गहन चिकित्सा इकाई आईसीयू उपलब्धता के बारे में बताया गया। जावरा में भी मरीजों को उपचार के लिए इस बार अच्छी व्यवस्था है। पूरे जिले में अभी 723 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर की उपलब्धता है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि कि मेडिकल कॉलेज तथा जिला चिकित्सालय में 24 घंटे बिजली उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मरीजों के परिजनों को मेडिसिन किट का वितरण किया जाए। पैरामेडिकल स्टाफ तथा ग्रामीण क्षेत्रों के प्राइवेट डॉक्टर्स को भी कोरोना उपचार के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। बताया गया कि जिले के विकासखंडों के शासकीय चिकित्सालयों में 560 बेड है, इनमें 200 बेड ऑक्सीजनयुक्त हैं। डॉक्टर जयंत सूभेदार ने रतलाम शहर में 15 प्राइवेट अस्पतालों में 602 बेड उपलब्धता की जानकारी दी। विधायक डॉ. पांडेय ने कहा कि मेडिकल कॉलेज तथा जिला चिकित्सालय में सुव्यवस्थित ढंग से कार्य निपटारे हेतु प्रशासक अधिकारी की तैनाती की जाना चाहिए जो सेवानिवृत्त व्यक्ति भी हो सकता है। जिले में की जा रही सैंपलिंग तथा टेस्टिंग की जानकारी में बताया गया कि बाजना तथा पिपलोदा में कार्य अपेक्षित नहीं हुआ है। इस पर कलेक्टर द्वारा सीएमएचओ को बाजना तथा डीपीएम को पिपलोदा पहुंचकर मॉनिटरिंग के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में 5 कोविड पेशेंट जिले में हैं जो एसिंप्टोमेटिक हैं। कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय फीवर क्लिनिक पर आने वाले लाक्षणिक मरीजों को क्वॉरेंटाइन करने के निर्देश दिए। जिले में बच्चों के वैक्सीनेशन पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर ने बताया कि जिले में 15 से 18 वर्ष आयु वाले लगभग 20 हजार ऐसे बच्चे हैं जो स्कूलों में दर्ज नहीं है। इनमें ड्रॉपआउट बच्चे, पन्नी बीनने वाले बच्चे आदि सम्मिलित हैं। उक्त प्रकार के बच्चों का भी ढूंढकर वैक्सीनेशन किया जाना है। कलेक्टर ने बताया कि आगामी 10 जनवरी के बाद 60 प्लस वालों का भी बूस्टर डोज वैक्सीनेशन किया जाएगा, जो ऐच्छिक रहेगा। बैठक में कलेक्टर द्वारा बताया गया कि रविवार को जिले में मास्क नहीं पहनने वालों के विरुद्ध सघन रूप से कार्रवाई की जाएगी। इन्दौर-2

इन्दौर समाचार 2/1/22

# सावधान रहना...रतलाम में पिछले 17 दिन में छः व्यक्ति आ गए कोरोना पॉजिटिव

● रतलाम।

**ओमिक्रान का डर जहां लोगों को सता रहा है। जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। साल के अंतिम दिन रतलाम शहर के दो व्यक्तियों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इस तरह 17 दिन में 6 व्यक्ति पॉजिटिव आ गए हैं। पांच का उपचार मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। एक व्यक्ति को डिस्चार्ज कर दिया गया**

डॉ. गौरव बोरीवाल में हरमुद्दा को बताया कि शुक्रवार को आई रिपोर्ट में 52 वर्षीय व्यक्ति संक्रमित हुआ है जो कि बैंक कॉलोनी लोकेंद्र भवन मार्ग कारहवासी है वहीं दूसरा युवक 21 वर्षीय है जो कि समता नगर आनंद कॉलोनी का निवासी है। दोनों का उपचार किया जा रहा है। संक्रमित की संख्या दिन प्रतिदिन रफ्तार पकड़ रही है लेकिन आमजन कोविड नियमों का पालन करने के लिए एक भी कदम आगे बढ़ाने को तैयार नहीं है। न तो मास्क के लगाए जा रहे नहीं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन किया जा रहा है।

अग्निबाण - 1/1/22

# बीमारी रोकने अफसरों को जिम्मा

**रतलाम, नप्र। कोरोना के ओमिक्रॉन वेरिएंट को लेकर प्रशासन अलर्ट पर है। जिले में संक्रमण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने काम की जिम्मेदारी के लिए नोडल अधिकारी तैनात करने के साथ ही उनकी मदद के लिए सहायक भी नियुक्त किए हैं।**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जमुना भिड़े को कोरोना कंट्रोल रूम का नोडल अधिकारी बनाया है, जबकि जीएमसी सहायक प्राध्यापक डॉ. ध्रुवेन्द्र पांडेय, पिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. गौरव बोरीवाल, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रमोद प्रजापति, डाटा मैनेजर श्वेता बागड़ी तथा रोहित मालवीय उनके सहायक के रूप में काम करेंगे। फीवर क्लीनिक एवं कोविड ओपीडी के लिए डीपीएम डॉक्टर अजहर अली, जीएमसी के डॉ. आशीष धामा, डाटा मैनेजर श्वेता बागड़ी तथा डीईओ वसीम खान को जवाबदारी दी गई है।

इसी प्रकार सैंपलिंग के लिए डॉ. गौरव बोरीवाल, डॉ. पवन शर्मा, डॉ. पीयूष कुमावत को नोडल अधिकारी तथा सहायक रूप में विकी सिंगला को नियुक्त किया है। हेल्थ संबंधी आवश्यकता के लिए सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे, सिविल सर्जन डॉ. आनंद चंदेलकर, जीएमसी डीन डॉ. जितेन्द्र गुप्ता को नोडल अधिकारी बनाया है। केमिस्ट, निजी क्लीनिक, अस्पताल एवं ट्रैवलर डाटा से मिली जानकारी के लिए सुपरवाइजर अधिकारी डिप्टी कलेक्टर मनीषा वास्कले रहेंगी। कंटेनमेंट मॉनिटरिंग टीम नोडल अधिकारी एसडीएम गहलोत रहेंगे। इसमें थाना क्षेत्रवार अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

प्र.की. ।

प्र.की.रा. । 1/1/22

# ओमिक्रॉन वैरिएंट को लेकर प्रशासन अलर्ट पर

रतलाम ● कोरोना के ओमिक्रॉन वैरिएंट को लेकर प्रशासन अलर्ट पर है। जिले में संक्रमण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा विभिन्न कार्य दायित्व निर्वहन के लिए नोडल अधिकारी तैनात किए गए हैं, उनके लिए सहायक भी नियुक्त किए हैं। जारी किए गए आदेश के अनुसार कोरोना कंट्रोलरूम का नोडल अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिडे को बनाया गया है। उनके सहायकों में जीएमसी सहायक प्राध्यापक डॉ. ध्रुवेंद्र पांडे, एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. गौरव बोरीवाल, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रमोद प्रजापति, डाटा मैनेजर सुश्री श्वेता बागड़ी तथा रोहित मालवीय को नियुक्त किया गया है। फीवर क्लीनिक एवं कोविड-ओपीडी के लिए डीपीएम डॉ. अजहर अली, जीएमसी के डॉ. आशीष धामा, डाटा मैनेजर सुश्री श्वेता बागड़ी तथा डीईओ वसीम खान को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसी प्रकार अन्य दायित्वों के लिए भी नियुक्तियां की गई।

स्वदेश 2/1/22

नगर निगम के अमले ने की कार्रवाई

# टैंकर रोड पर चली जेसीबी, हटाया अतिक्रमण

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com




रतलाम. नगर निगम ने शनिवार को राजगढ़ टैंकर रोड पर निर्माणाधीन सीसी रोड की चौड़ाई कम पड़ने पर पटवारी से भूमि की नपती कराई। इसके बाद जब अतिक्रमण सामने आ गया तो जेसीबी की मदद से अवैध निर्माण को तोड़ दिया। सांई बिल्डिंग मटेरियल द्वारा शासकीय भूमि पर निर्मित किए गये शेड व फेसिंग के अतिक्रमण को निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश के बाद हटाया।

निगम आयुक्त झारिया ने बताया नगर निगम द्वारा टैंकर रोड का सीमेन्टीकरण कार्य कराये जाने के दौरान सांई बिल्डिंग मटेरियल के सामने सड़क की चौड़ाई कम होने पर नगर निगम के अतिक्रमण दल द्वारा पटवारी मोहनलाल खराड़ी को बुलाकर भूमि की नपती कराई गई। नपती के बाद पाया गया कि सांई बिल्डिंग मटेरियल द्वारा शासकीय भूमि पर कब्जा करते हुए शेड का निर्माण किया हुआ है व फेसिंग भी लगाई गई है। नपती के बाद जेसीबी मशीन, डम्पर, ट्रेक्टर ट्रॉली से अतिक्रमण हटाया गया। पत्रिका

पत्रिका 2/1/22



# त्रिवेणी मेले में आज कवि सम्मेलन

**रतलाम, नप्र।** रतलाम में मेला आयोजन में परंपरा रही है कि जहां भी मेले लगते हैं, वहां लोगों के मनोरंजन के लिए कार्यक्रम जरूर होते है। त्रिवेणी मेले में भी ऐसा ही होता आया है। शुरुआत के बाद से ही निगम के रंगमंच पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होते आए हैं, लेकिन इस बार मेला शुरू होने के बाद से ही लोग सांस्कृतिक कार्यक्रम का इंतजार करते रहे। मेले के अंतिम दिनों में निगम की ओर से तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है जिसके तहत आज मेले में कवि सम्मेलन होगा। सफर जौनपुरी नागपुर, दिनेश सिंघल जौधपुर, अशोक नागर शाजापुर, धीर शर्मा नालछा और निसार पठान मेघनगर निगम रंगमंच पर काव्य पाठ करेंगे। कल 2 जनवरी रविवार को आदिवासी लोक नृत्य के साथ आखिरी दिन 3 जनवरी को सत्यवीर तेजाजी महाराज की कथा का आयोजन होगा। नागरिकों से अपील की है कि दोनो टीके लगवाने ही मेले में जाएं। मास्क लगाए और दूरी का पालन जरूर करें। प्र.कि.।

प्रभातकिरण। 1/1/22

# कबाड़ा व्यवसायी स्वयं हटा रहे हैं अपना कबाड़

सिंघम रिपोर्टर ❐ रतलाम

शहर में मोहन नगर व लकड़पीठा क्षेत्र जैसी आगजनी की घटना भविष्य में ना हो इस हेतु कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा नगर में कबाड़ सेन्टर, प्लास्टिक, प्लास्टिक से निर्मित सामग्री, लकड़ी, तेल, आयल, डीजल, गैस सिलेण्डर एवं अन्य खतरनाक वस्तुओं के गोडाउन व दुकानें हटाये जाने हेतु दिये गये नोटिस के बाद भी गोदाम नहीं हटाने पर गोदाम हटाने की कार्यवाही कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार की जा रही है जिसके तहत नगर के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित कबाड़ सेंटरो को खाली कराये जाने हेतु नगर निगम द्वारा नोटिस जारी किये गये जाने के तहत अधिकांष कबाड़ा व्यवसायियों ने अपने कबाड़ को हटा लिया है षेश बचे कबाड़ा व्यवसायी भी अपना कबाड़ा स्वंय हटा रहे है। ऐसे षेश बचे कबाड़ा व्यवसायी जो अपना कबाड़ा नहीं हटायेगा उसे नगर निगम द्वारा हटाया जाकर 15 हजार रूपये प्रति घन्टे के मान से संबंधित से राषि वसूल की जायेगी।

नगर निगम द्वारा नोटिस मिलने के बाद जावरा रोड क्षेत्र में 2 में से 1 ने खाली कर दिया है, हाट रोड क्षेत्र में लच्छू कबाड़ी द्वारा कबाड़ा हटाया जा रहा है, विनोबा स्कूल के सामने 2 ने हटाना प्रारंभ कर दिया है। सिंघम- 1

सिंघम- 1/1/22

## ये डर अच्छा है... कबाड़ी खुद समेट रहे अटाला-भंगार, साफ-सुधरा हो रहा शहर

रतलाम | नए साल में शहर अटाला-भंगार की गंदगी से मुक्त हो जाएगा। हाट रोड, विरियाखेड़ी, सैलाना बस स्टैंड, काटजू नगर, हाट रोड, महू रोड के 35 से ज्यादा गोडाउन और कबाड़ दुकाने बंद हो चुकी हैं। खास बात यह है कि इनमें से करीब 16 नगर निगम को तोड़ना पड़े। सख्त मुहीम को देखते हुए बाकी के कबाड़ियों ने खुद ही अटाला-भंगार समेट कर गोदाम बंद कर दिए हैं। जावरा रोड, विनोबा स्कूल के सामने और महू रोड के पांच और कबाडियों ने कबाड़ समेटना शुरू कर दिया है। इनकी निगरानी इंजीनियर राजेंद्र मिश्रा और मनीष तिवारी कर रहे हैं।



भास्कर

### सारे कबाड़ा गोडाउन हटाकर ही बंद होगी मुहिम

आयुक्त सोमनाथ झारिया के अनुसार शहर के सारे ज्वलनशील पदार्थ और कबाड़ा गोडाउन हटाने के बाद ही मुहिम बंद होगी। बता दें कि मोहन नगर और लक्कड़पीठा में हुई आगजनी की घटना के बाद कलेक्टर कुमार पुरुषोतम के निर्देश पर नगर निगम ने शहर के करीब 95 व्यवसायियों को भंडारण व गोडाउन हटाने के नोटिस जारी किए थे। इनमें कबाड़ सेंटर, प्लास्टिक व उससे बनी सामग्री, लकड़ी, तेल, आयल, डीजल, गैस सिलेंडर व अन्य वस्तुओं की दुकान व गोडाउन वाले शामिल है। इसमें भी 28 बड़े कारोबारी, जबकि बाकी छोटे हैं।

दै.भास्कर 2/1/22



# नोटिस के बाद भी जमा है... कबाड़े को हटाएगा निगम

रतलाम, नप्र। आगजनी की घटना से बचने के लिए शहर से कबाड़े हटाए जा रहे है। अभी भी ऐसे कबाड़े बचे हैं। नोटिस मिलने के बाद कबाड़ गोदामों और दुकानों के नहीं हटाए जाने पर निगम अपने स्तर पर हटाएगा और कबाड़ा मालिक से पन्द्रह हजार रुपए के हिसाब से रुपए वसूलेगा। जावरा रोड क्षेत्र के दो कबाड़ियों को नगर निगम ने नोटिस दिए थे। उसमें से एक कबाड़ी ने कबाड़े को हटाना शुरू कर दिया है। हाटरोड और विनोबानगर क्षेत्र में भी निगम ने नोटिस देकर कबाड़े हटाने के लिए तोड़फोड़ की कार्रवाई की थी। उसके बाद से इन दोनों जगहों के कबाड़े का सामान धीरे-धीरे हटाया जा रहा है। बिरियाक्षेत्र क्षेत्र से दो कबाड़े हटाए जा रहे है। महूरोड राजस्व नगर आनंद पैलेस के पीछे दो कबाड़ा व्यापारियों को भी कबाड़ा हटाने के निर्देश उपयंत्री राजेन्द्र मिश्रा व मनीष तिवारी ने दिए है। प्र॰श्री॰ १

प्रभातकिरण। १/१/२२

## अधिकारियों को सौंपी नियंत्रण की जिम्मेदारी

# कोरोना को लेकर प्रशासन अलर्ट

दबंग रिपोर्टर ▸ रतलाम




एक सप्ताह में तीन नए पॉजीटिव मरीज सामने आने के बाद से रतलाम प्रशासन अलर्ट पर है। जिले में फिलहाल तीन एक्टिव संक्रमितों की पुष्टि हुई है, जबकि 2 ठीक हो चुके हैं। मामलों में बढ़ोतरी की आशंका को देखते हुए कलेक्टर ने नियंत्रण की तैयारियां भी शुरु कर दी हैं। कोरोना के ओमीक्रोन वेरिएंट को लेकर संभावित खतरे को देखते हुए जिले में पहले से नाईट कर्फ्यू और धारा 144 के तहत कई नियम लागू हैं। अब कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा विभिन्न कार्य दायित्व निर्वहन के लिए नोडल अधिकारी तैनात किए गए हैं।

कोरोना कंट्रोल रूम का नोडल अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जमुना भिड़े को बनाया गया है। उनके सहायकों में जीएमसी सहायक प्राध्यापक डॉ. ध्रुवेंद्र पांडे, एपिडेमियोलॉजिस्ट डा. गौरव बोरीवाल, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रमोद प्रजापति, डाटा मैनेजर श्वेता बागड़ी तथा रोहित मालवीय को नियुक्त किया गया है। फीवर क्लीनिक एवं कोविड-ओपीडी के लिए डीपीएम डॉक्टर अजहर अली, जीएमसी के डॉ. आशीष धामा, डीईओ वसीम खान को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

## सैंपलिंग के लिए अधिकारी नियुक्त

सैंपलिंग के लिए डॉ. गौरव बोरीवाल, डॉ. पवन शर्मा, डॉ. पीयूष कुमावत को नोडल अधिकारी तथा सहायक रूप में विक्की सिंगला को नियुक्त किया गया है। संपर्क के लिए सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे, सिविल सर्जन डॉ. आनंद चंदेलकर, जीएमसी डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता को नोडल अधिकारी बनाया गया है। सहायकों में डीपीएम डॉ. अजहर अली, आरएमओ डॉ. योगेश निखरा तथा अधीक्षक मेडिकल कॉलेज डॉ. प्रदीप मिश्रा को नियुक्त किया गया है।

## ये करेंगे सर्विलांस और ट्रैकिंग

केमिस्ट, प्राइवेट क्लिनिक, हॉस्पिटल एवं ट्रैवलर डाटा से मिली जानकारी के लिए सुपरवाइजर अधिकारी डिप्टी कलेक्टर मनीषा वास्कले रहेंगी। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. जी.आर. गौड़ नियुक्त किए गए हैं। काउंसलिंग टीम में नोडल अधिकारी सहायक संचालक महिला बाल विकास अंकिता पंड्या, कांटेक्ट ट्रेसिंग टीम के नोडल अधिकारी जिला योजना अधिकारी बालकृष्ण पाटीदार, कंटेनमेंट मॉनिटरिंग टीम के नोडल अधिकारी एसडीएम अभिषेक गहलोत रहेंगे। डीडी नगर थाना क्षेत्र के लिए अनुराग सिंह, आकांक्षा पटेल, स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के लिए सहायक संचालक महिला बाल विकास रविंद्र मिश्रा, दीपक कुमार माझी, थाना औद्योगिक क्षेत्र के लिए महाप्रबंधक उद्योग मुकेश शर्मा, सहायक आयुक्त आबकारी नीरजा श्रीवास्तव, थाना माणकचौक क्षेत्र के लिए उप संचालक कृषि विजय चौरसिया तथा राजेश धनोतिया नियुक्त किए गए हैं। होम आइसोलेशन के नोडल अधिकारी एसडीएम अभिषेक गहलोत रहेंगे। कंटेनमेंट क्रिएशन टीम के नोडल अधिकारी तहसीलदार शहर गोपाल सोनी रहेंगे।

दबंग - 2/1/22

# टैंकर रोड से साईं बिल्डिंग मटेरियल का अतिक्रमण हटाया



**रतलाम** | नगर निगम के अमले ने शनिवार को राजगढ़ टैंकर रोड पर सांई बिल्डिंग मटेरियल के मालिक द्वारा सरकार जमीन पर किया अतिक्रमण हटाया। दरअसल टैंकर रोड को सीमेंट कांक्रीट का बनाया जा रहा है। काम चल रहा है चौड़ाई कम पड़ने पर पटवारी मोहनलाल खराड़ी को बुलाकर नपती करवाई तो सांई बिल्डिंग मटेरियल का कब्जा निकला। दुकानदार ने कब्जे वा[illegible]री जमीन पर शेड बना लिया और फेंसिंग करवा ली थी। नपती [illegible] अतिक्रमण दस्ते ने जेसीबी से अतिक्रमण तोड़ दिया। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया संबंधित से 15 हजार रुपए प्रति घंटे के मान से अतिक्रमण हटाने पर हुआ खर्च वसूला जाएगा।

दै. भास्कर 2/1/22

# शासकीय भूमि पर किए निर्माण को हटाया

**रतलाम।** नगर निगम द्वारा टैंकर रोड का सीमेंटीकरण कार्य कराने के दौरान साईं बिल्डिंग मटेरियल के सामने सड़क की चौड़ाई कम पाई गई। इस पर नगर निगम अतिक्रमण दल द्वारा पटवारी मोहनलाल खराड़ी को बुलाकर भूमि की नपती कराई गई। नपती पश्चात पाया गया कि साईं बिल्डिंग मटेरियल द्वारा शासकीय भूमि पर कब्जा करते हुए शेड का निर्माण किया गया है व फेंसिंग भी लगाई गई है। नपती पश्चात जेसीबी, डंपर, ट्रैक्टर-ट्राली के माध्यम से अतिक्रमण हटाया गया। हटाए गए अतिक्रमण का व्यय संबंधित से 15 हजार रुपये प्रति घंटे के मान से वसूला जाएगा।



शासकीय भूमि पर किया गया पक्का निर्माण तोड़ती हुई जेसीबी। • नईदुनिया

नईदुनिया 2/1/22

## 11 कर्मचारियों का एक दिवस का वेतन काटा

रतलाम। व्यावसायिक क्षेत्रों की रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था का निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा निरीक्षण किया गया। 11 कर्मचारियों द्वारा अपने कर्तव्य स्थल पर अनुपस्थित पाये जाने पर संबंधित कर्मचारियों का एक दिवस का वेतन काटा गया। सेवा से बर्खास्त करने की चेतावनी भी दी गई है। इसके अलावा घर-घर से कचरा संग्रहण वाहन के 3 वाहन चालकों द्वारा बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने से प्रभावित हुई। इसके चलते चालक राजेश वर्मा, जितेन्द्र तोमर व जयराज कल्याणे का एक दिवस का वेतन काटा गया। निगम के कचरा संग्रहण के डम्पर वाहन क्रमांक एम.पी. 43 जी 1090 में क्षमता से कचरा लो? कर वाहन की बाडी को क्षतिग्रस्त करने पर वाहन चालक निकेष-ओमप्रकाश को मरम्मत में व्यय होने वाली राशि वसूले जाने का भी आदेश दिया गया।

## 6602 पेंशन हितग्राहियों का हुआ भौतिक सत्यापन

रतलाम। शहर के सामाजिक सुरक्षा, इंदिरा गांधी वृद्धा पेंशन, राष्टीय विधवा पेंशन, राश्ट्रीय निश्शक्त पेंशन, सामाजिक सुरक्षा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, निःशक्त पेंशन, आदि प्राप्त करने वालों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। जिसके तहत 6602 हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन कर 66 प्रतिषत कार्य पूर्ण किया जा चुका है। नगर निगम द्वारा पेंषन पाने वाले हितग्राहियों से अपील की जाती है कि वे नगर निगम के आईटी सेल में आवष्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अपना भौतिक सत्यापन अनिवार्य रूप से करवायें।

राज एक्सप्रेस 2/1/22

## 11 कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटा

रतलाम। व्यावसायिक क्षेत्रों की रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था का निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा निरीक्षण किया गया। 11 कर्मचारियों द्वारा अपने कर्तव्य स्थल पर अनुपस्थित पाये जाने पर संबंधित कर्मचारियों का एक दिवस का वेतन काटा गया। सेवा से बर्खास्त करने की चेतावनी भी दी गई है। घर-घर से कचरा संग्रहण वाहन के 3 वाहन चालकों द्वारा बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने से प्रभावित हुई। इसके चलते चालक राजेश वर्मा, जितेन्द्र तोमर व जयराज कल्याणे का एक दिवस का वेतन काटा गया। निगम के कचरा संग्रहण के डम्पर वाहन क्रमांक एम.पी. 43 जी 1090 में क्षमता से कचरा लोड़ कर वाहन की बाडी को क्षतिग्रस्त करने पर वाहन चालक निकेष-ओमप्रकाश को मरम्मत में व्यय होने वाली राशि वसूले जाने का भी आदेश दिया गया।

दबंग - 2/1/22

## 6 कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटा

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर के व्यावसायिक क्षेत्रों की रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था का निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने 31 दिसम्बर को निरीक्षण किया। इस दौरान 6 कर्मचारी द्वारा अपने कर्तव्य स्थल पर अनुपस्थित पाये गए। इसके बाद इनका एक दिन का वेतन काटने का निर्देश देते हुए सेवा से बर्खास्त करने का नोटिस जारी किया गया है। शुक्रवार को रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान जितेन्द्र-प्रकाश, दौलत-राजू, धनराज-बसंत, अजय-बसंत, आकाश-मुकेश व नरेन्द्र-विजय द्वारा अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया।

पत्रिका 2/1/22

## 6602 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन

रतलाम। सामाजिक सुरक्षा, इंदिरा गांधी वृद्धा पेंशन, राष्टीय विधवा पेंशन, राश्ट्रीय निःशक्त पेंशन, सामाजिक सुरक्षा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, निःशक्त पेंशन, आदि प्राप्त करने वालों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। जिसके तहत 6602 हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन कर 66 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है। नगर निगम द्वारा पेंशन पाने वाले हितग्राहियों से अपील की जाती है कि वे नगर निगम के आईटी सेल में आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अपना भौतिक सत्यापन अनिवार्य रूप से करवायें।

## रात में सफाई से गायब 6 कर्मियों का वेतन काटा

रतलाम | सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान गैरहाजिर मिले 6 कर्मचारियों पर एक दिन का वेतन काटने की कार्रवाई की। इनमें जितेंद्र प्रकाश, दौलत राजू, धनराज बसंत, अजय बसंत, आकाश मुकेश, नरेंद्र विजय शामिल हैं। वेतन काटने के साथ सेवा से बर्खास्त करने का नोटिस भी दिया है। शुक्रवार रात आयुक्त सोमनाथ झारिया ने रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया था।

# ओमीक्रोन वेरिएंट को लेकर प्रशासन अलर्ट पर

## कलेक्टर ने तैनात किए नोडल अधिकारी

रतलाम । कोरोना के ओमीक्रोन वेरिएंट को लेकर प्रशासन अलर्ट पर है। जिले में संक्रमण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम द्वारा विभिन्न कार्य दायित्व निर्वहन के लिए नोडल अधिकारी तैनात किए गए हैं, उनके लिए सहायक भी नियुक्त किए हैं। जारी किए गए आदेश के अनुसार कोरोना कंट्रोल रूम का नोडल अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े को बनाया गया है। उनके सहायकों में जीएमसी सहायक प्राध्यापक डॉ. ध्रुवेंद्र पांडे, एपिडेमियोलॉजिस्ट डा. गौरव बोरीवाल, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रमोद प्रजापति, डाटा मैनेजर सुश्री श्वेता बागड़ी तथा श्री रोहित मालवीय को नियुक्त किया गया है। फीवर क्लीनिक एवं कोविड-ओपीडी के लिए डीपीएम डॉक्टर अजहर अली, जीएमसी के डॉ. आशीष धामा, डाटा मैनेजर सुश्री श्वेता बागड़ी तथा डीईओ श्री वसीम खान को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसी प्रकार सैंपलिंग के लिए डॉ. गौरव बोरीवाल, डॉ. पवन शर्मा, डॉ. पीयूष कुमावत को नोडल अधिकारी तथा सहायक रूप में श्री विक्की सिंगला को नियुक्त किया गया है। हेल्थ संबंधी आवश्यकता हेतु संपर्क के लिए सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे, सिविल सर्जन डॉ. आनंद चंदेलकर, जीएमसी डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता को नोडल अधिकारी बनाया गया है। सहायकों में डीपीएम डॉ.अजहर अली, आरएमओ डॉ. योगेश निखरा तथा अधीक्षक मेडिकल कॉलेज डॉ. प्रदीप मिश्रा को नियुक्त किया गया है। आरआरटी एमएमयू टीम के लिए नोडल अधिकारी डॉ. अजहर अली तथा डॉ. गौरव बोरीवाल रहेंगे। केमिस्ट, प्राइवेट क्लिनिक, हॉस्पिटल एवं ट्रैवलर डाटा से मिली जानकारी के लिए सुपरवाइजर अधिकारी डिप्टी कलेक्टर सुश्री मनीषा वास्कले रहेंगी। नोडल अधिकारी के रूप में जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. जी.आर. गौड़ नियुक्त किए गए हैं। काउंसलिंग टीम में नोडल अधिकारी सहायक संचालक महिला बाल विकास सुश्री अंकिता पंड्या, कांटेक्ट ट्रेसिंग टीम के नोडल अधिकारी जिला योजना अधिकारी श्री बालकृष्ण पाटीदार, कंटेनमेंट मॉनिटरिंग टीम के नोडल अधिकारी एसडीएम श्री अभिषेक गहलोत रहेंगे। इसमें थाना क्षेत्रवार अधिकारी नियुक्त किए गए हैं जिनमें डीडी नगर थाना क्षेत्र के लिए कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी श्री अनुराग सिंह, जिला खनिज अधिकारी सुश्री आकांक्षा पटेल, स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के लिए सहायक संचालक महिला बाल विकास श्री रविंद्र मिश्रा, जिला परिवहन अधिकारी श्री दीपक कुमार माझी, थाना औद्योगिक क्षेत्र के लिए महाप्रबंधक उद्योग श्री मुकेश शर्मा, सहायक आयुक्त आबकारी श्रीमती नीरजा श्रीवास्तव, थाना माणकचौक क्षेत्र के लिए उप संचालक कृषि श्री विजय चौरसिया तथा कार्यपालन यंत्री आरईएस श्री राजेश धनोतिया नियुक्त किए गए हैं।

कोविड-फैसिलिटी नोडल अधिकारी के रूप में एसडीएम श्री अभिषेक गहलोत तथा एसडीएम ग्रामीण सुश्री कृतिका भीमावद नियुक्त किए गए हैं। कोविड-केयर सेंटर के लिए नोडल अधिकारी एसडीएम श्री अभिषेक गहलोत तथा जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण श्रीमती पारुल जैन रहेंगी। होम आइसोलेशन के नोडल अधिकारी एसडीएम श्री अभिषेक गहलोत रहेंगे। कंटेनमेंट क्रिएशन टीम के नोडल अधिकारी तहसीलदार शहर श्री गोपाल सोनी रहेंगे। डिस्ट्रिक्ट कोविड-कंट्रोल एंड कमांड सेंटर के नोडल अधिकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास श्री रजनीश सिन्हा रहेंगे। मुख्यमंत्री कोविड-19 उपचार योजना के सुपरवाइजर अधिकारी के रूप में डिप्टी कलेक्टर सुश्री मनीषा वास्कले रहेंगी। नोडल अधिकारी डॉ. जी.आर. गौड़ रहेंगे। इसके अलावा मास्क मॉनिटरिंग टीम भी बनाई गई है जिसमें आयुक्त नगर निगम श्री सोमनाथ झारिया, एस.डीएम श्री अभिषेक गहलोत, परियोजना अधिकारी शहरी विकास श्री अरुण पाठक तथा उपायुक्त नगर निगम श्री विकास सोलंकी शामिल किए गए हैं।

स्वदेश

स्वदेश रतलाम 2/1/22

जिला संकट प्रबंधन समूह की बैठक का हुआ आयोजन, कोरोना से बचाव की तैयारियों की दी जानकारी

# ओमिक्रोन वेरिएंट से निपटने रखे सुझाव

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क

ओमीक्रोन वेरिएंट के दृष्टिगत जिला संकट प्रबंधन समूह की बैठक शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में जावरा विधायक डॉ. राजेंद्र पांडे, ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना मौजूद थे। शहर विधायक चैतन्य काश्यप ऑनलाइन बैठक से जुड़े थे। इसके अलावा कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, गोविंद काकानी, अपर कलेक्टर एम.एल.आर्य, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, मेडिकल कॉलेज डीन डॉ.जितेंद्र गुप्ता, सीएमएचओ डॉ.प्रभाकर ननावरे, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम अभिषेक गहलोत, डॉ.गौरव बोरीवाल, डॉ.प्रमोद प्रजापति, नर्सिंग होम एसोसिएशन से डॉ.जयंत सूबेदार आदि उपस्थित थे।




बैठक में कोरोना के ओमीक्रोन वेरिएंट की चुनौती से निपटने के लिए रतलाम जिले में की गई तैयारियों से अवगत कराया या। जनप्रतिनिधियों ने अपने सुझाव रखे कलेक्टर ने कार्य योजना की जानकारी दी। बैठक में विधायक डॉ. पांडे ने कहा कि तीसरी लहर की स्थिति में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में दवाइयों व उपकरणों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके लिए आवश्यकता पड़ी तो विधायक निधि से भी राशि दी जाएगी। विधायक काश्यप ने शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र में भी पर्याप्त संख्या में सैंपल लेने पर जोर दिया। श्री काश्यप ने ऑक्सीजन प्लांट और ऑक्सीजन बेड की बेहतर कनेक्टिविटी की बात भी कही। विधायक श्री मकवाना ने ग्रामीण क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में सेंपलिंग की बात कही।

कलेक्टर ने मेडिकल कॉलेज डीन को निर्देश दिए कि कॉलेज में आने वाले मरीजों के परीक्षण के लिए विशेष टीम तैनात रहेगी जो यह निर्णय लेगी कि मरीज को भर्ती किया जाना चाहिए अथवा नहीं या होम आइसोलेशन से उपचार हो जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि पॉजिटिव मरीज के परिजनों को भी क्वॉरंटाइन किया जाएगा। बैठक में डॉ.प्रमोद प्रजापति द्वारा दिए गए प्रेजेंटेशन में बताया गया कि जिले में कुल 1221 ऑक्सीजन बेड आज की स्थिति में उपलब्ध है जिनमें ऑक्सीजन कंसंट्रेटर की मदद से ऑक्सीजन सपोर्ट वाले बेड भी शामिल है। इसके अलावा बच्चों के लिए ऑक्सीजन बेड, हाई डेफिनेशिएनसी यूनिट, गहन चिकित्सा इकाई आईसीयू उपलब्धता के बारे में बताया गया। जावरा में भी मरीजों को उपचार के लिए इस बार अच्छी व्यवस्था है। पूरे जिले में अभी 723 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर की उपलब्धता है।

कलेक्टर ने बताया कि कि मेडिकल कॉलेज तथा जिला चिकित्सालय में 24 घंटे बिजली उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मरीजों के परिजनों को मेडिसिन किट का वितरण किया जाए। पैरामेडिकल स्टाफ तथा ग्रामीण क्षेत्रों के प्राइवेट डॉक्टर्स को भी कोरोना उपचार के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। बताया गया कि जिले के विकासखंडों के शासकीय चिकित्सालयों में 560 बेड है, इनमें 200 बेड ऑक्सीजनयुक्त हैं। डॉक्टर जयंत सूभेदार ने रतलाम शहर में 15 प्राइवेट अस्पतालों में 602 बेड उपलब्धता जानकारी दी। विधायक डॉ. पांडेय ने कहा मेडिकल कॉलेज तथा जिला चिकित्सालय सुव्यवस्थित ढंग से कार्य निपटारे प्रशासक अधिकारी की तैनाती की चाहिए जो सेवानिवृत्त व्यक्ति भी हो सकता

जिले में की जा रही सैंपलिंग तथा टेस्टि की जानकारी में बताया गया कि बाजना पिपलोदा में कार्य अपेक्षित नहीं हुआ है। पर कलेक्टर द्वारा सीएमएचओ को बाज तथा डीपीएम को पिपलोदा पहुंच मॉनिटरिंग के लिए निर्देशित किया ग बैठक में बताया गया कि वर्तमान में कोविड पेशेंट जिले में हैं जो एसिंप्टोमैटि हैं। कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय फी क्लिनिक पर आने वाले लाक्षणिक मरीजों क्वॉरंटाइन करने के निर्देश दिए। जिले बच्चों के वैक्सीनेशन पर भी चर्चा की कलेक्टर ने बताया कि जिले में 15 से वर्ष आयु वाले लगभग 20 हजार ऐसे ब हैं जो स्कूलों में दर्ज नहीं है। इनमें ड्रॉपआ बच्चे, पन्नी बीनने वाले बच्चे अ सम्मिलित हैं।

उक्त प्रकार के बच्चों का भी ढूंढ वैक्सीनेशन किया जाना है। कलेक्टर बताया कि आगामी 10 जनवरी के बाद प्लस वालों का भी बूस्टर डोज वैक्सीने किया जाएगा, जो ऐच्छिक रहेगा। बैठक कलेक्टर द्वारा बताया गया कि रविवार जिले में मास्क नहीं पहनने वालों के वि सघन रूप से कार्रवाई की जाएगी।

राजएक्सप्रेस २/१/२२

तय दर से 66 प्रतिशत अधिक राशि आई

# अमृत सागर तालाब : तीसरी बार गाद निकालने का टेंडर हुआ निरस्त

**रतलाम.** शहर के प्राचिन अमृत सागर तालाब झील संरक्षण योजना में चल रहे काम को झटका लगा है। लगातार तीसरी बार गाद निकालने का जारी किया गया टेडर को अधिक दर आने के चलते निरस्त कर दिया गया है। अब नगर निगम इसी माह चौथा टेंडर जारी करने की तैयारी करने जा रही है।

अमृत सागर झील संरक्षण योजना में कई काम होने है। इस समय तालाब में जलकुंभी निकालने का कार्य जारी है। जब जलकुंभी निकालने का टेंडर किया गया, उसी समय गाद निकालने का टेंडर भी हुआ था, लेकिन नगर निगम ने जो दर इस कार्य के लिए तय की है, उससे अधिक राशि का टेंडर हर बार आ रहा है। इसके चलते गाद निकालने का कार्य अब तक अमृत सागर झील संरक्षण योजना में नहीं हो पा रहा है। ऐसे में अब जब तीन बार टेंडर निरस्त हो गए है तो निगम चौथी बार टेंडर जारी करने जा रहा है।



### बेहतर कार्य उद्देश्य

अमृत सागर झील संरक्षण योजना में बेहतर कार्य करना नगर निगम का उद्देश्य है। जलकुंभी निकालने का कार्य जारी है। गाद निकालने के लिए जो राशि तय है, उससे अधिक का टेंडर आया, इसलिए उसे निरस्त कर दिया गया है, जल्दी नया टेंडर जारी किया जाएगा।

**- सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

### इन कार्य को करना है

अमृत सागर झील संरक्षण योजना में एक तरफ जहां जलकुंभी निकालने के साथ - साथ गाद निकालने का कार्य करना है, वही दूसरी तरफ इस क्षेत्र में सौदर्यीकरण कार्य को भी करना है। इतना ही नहीं, अमृत सागर झील संरक्षण योजना में नगर निगम यहां के पूरे क्षेत्र को पिकनीक के उपयोगी भी बनाने की योजना बनाए हुए है। हालांकि इन सब में फिलहाल समय लगेगा, क्योंकि अब तक जलकुंभी निकालने का कार्य ही पूरा नहीं हुआ है व गाद निकालने का कार्य शुरू तक नहीं हो पाया है। पत्रिका

### यह है निगम का तय बजट

नगर निगम ने गाद निकालने के लिए जो राशि तय की है उसके अनुसार तीसरी बार किए गए टेंडर में 66 प्रतिशत अधिक राशि का टेंडर आया। निगम ने 3.77 करोड़ रुपए मंजूर किए हुए है, जबकि जो टेंडर आया उसकी दर 5.77 करोड़ रुपए थी। ऐसे में 66 प्रतिशत अधिक राशि का टेंडर आने से इसे निरस्त कर दिया गया व अब चौथी बार टेंडर इसी माह जारी करने की तैयारी की जा रही है।

पत्रिका 2/1/22

# स्वरोजगार के लिए 91 लोगों को मिला ब्याज के बिना ऋण

**रतलाम।** नगरीय क्षेत्र के पंजीकृत एवं पात्र पथ विक्रेताओं में से 91 को बिना ब्याज ऋण दिया गया। संकल्प से सिद्धी विषेश अभियान के तहत 10 व 20 हजार का ऋण प्राप्त हुआ। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि प्रथम कार्यशील पूंजी हेतु 2513 हितग्राहियों को रुपए 10,000/- तथा द्वितीय पूंजी हेतु 150 हितग्राहियों को राषि रुपए 20,000/- ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया गया है।

"एनयूएलएम स्वरोजगार ऋण योजना में 88 हितग्राहियों व एनयूएलएम स्वरोजगार समूह ऋण योजना में 3 समूह को ऋण उपलब्ध कराया गया है। पथ विक्रेताओं को ब्याज मुक्त ऋण के लिये ऑन लाईन आवेदन प्रस्तुत करने हेतु आवश्यक दस्तावेज के रूप में बैंक पास बुक, आधार कार्ड, पथ विक्रेता पंजीयन कार्ड व आधार लिंक से मोबाईल नम्बर साथ लाना होगा।

राज एक्सप्रेस 2/1/22

# स्वरोजगार के लिए 91 लोगों को मिला बिना ब्याज के ऋण

**रतलाम।** नगरीय क्षेत्र के पंजीकृत एवं पात्र पथ विक्रेताओं में से 91 को बिना ब्याज ऋण दिया गया। संकल्प से सिद्धी विषेश अभियान के तहत 10 व 20 हजार का ऋण प्राप्त हुआ। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि प्रथम कार्यशील पूंजी के लिए 2513 हितग्राहियों को रुपए 10,000 तथा द्वितीय पूंजी के लिए 150 हितग्राहियों को राशि रुपए 20,000 ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया गया है। एनयूएलएम स्वरोजगार ऋण योजना में 88 हितग्राहियों व एनयूएलएम स्वरोजगार समूह ऋण योजना में 3 समूह को ऋण उपलब्ध कराया गया है। पथ विक्रेताओं को ब्याज मुक्त ऋण के लिए ऑन लाइन आवेदन प्रस्तुत करने के लिए आवश्यक दस्तावेज के रूप में बैंक पास बुक, आधार कार्ड, पथ विक्रेता पंजीयन कार्ड व आधार लिंक से मोबाइल नम्बर साथ लाना होगा।

दबंग 2/1/22

टीस • कोर्ट तिराहा से फव्वारा चौक तक बने फोरलेन के दौरान भी किया था छोटा

# रोड चौड़ा करने फिर से छोटा किया जाएगा कालिका माता बगीचा परिसर

## आयकर तिराहा से आनंद कॉलोनी पुलिया तक की सड़क के लिए फिर 10 फीट होगा छोटा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

मिनी स्मॉर्ट सिटी प्रोजेक्ट में आयकर तिराहा से आनंद कॉलोनी पुलिया तक 12 मीटर चौड़ी सड़क बनना है। कालिकामाता बगीचे की तरफ जमीन ली जा रही है। बगीचे की बाउंड्रीवॉल तोड़कर नई रोड बनाई जाएगी। बाउंड्रीवॉल निर्माण के लिए खुदाई शुरू कर दी है। बगीचे की क्यारियां टूट गई है।

यह दूसरा मौका है जब शहर का सबसे सबसे प्रमुख और बड़ा बगीचा छोटा होगा। दो साल पहले जिला पंचायत तिराहा से फव्वाराचौक तक फोरलेन निर्माण के दौरान रोड चौड़ा करने के लिए बगीचे की 8 फीट जमीन ली थी। इससे बगीचा छोटा हो गया था। अब आयकर तिराहा कान्वेंट स्कूल के पास आनंद कॉलोनी की तरफ होने रोड़ चौड़ा करने के लिए बगीचे की दस फीट जमीन ली जा रही है। अब फिर बगीचा छोटा होगा। बगीचा छोटा होने से खूबसूरती पर असर होगा। साथ ही नवरात्रि में लगने वाले कालिकामाता मेले पर असर होगा। क्योंकि इस बगीचे में मेला मंच बना है और मेले के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम यही पर होते हैं। इन कार्यक्रम को देखने के लिए बड़ी संख्या में शहरवासी पहुंचते हैं। जगह कम होने से बैठने की भी दिक्कत आएगी।

## दिक्कत... चार साल पहले बाउंड्रीवॉल बनाई थी, अब तोड़ी जा रही



स्मार्ट सिटी के तहत बनने वाले रोड को चौड़ा करने के लिए बगीचे की क्यारी में खोदे गड्ढे।

बगीचे में कॉन्वेंट स्कूल की तरफ जो बाउंड्रीवॉल बनी हुई वो चार साल पहले ही निगम ने बनवाई थी। बगीचे के सौंदर्यीकरण के तहत इसे बनाया था। अब फिर तोड़ने की तैयारी की जा रही है। इसकी जगह फिर नई बाउंड्रीवॉल बनाई जाएगी। इसमें मेला मंच के पास सुविधाघर है। स्वच्छता अभियान के तहत यहां सुविधाघर निर्माण किया था। बगीचे में सुविधाघर बनाने का विरोध हुआ था। रोड चौड़ी करने के दौरान यह टूटना तय है।

## 12 मीटर चौड़ी और 280 मीटर लंबी बनेगी सड़क

स्मार्ट सिटी के तहत सड़क आयकर तिराहा से आनंद कॉलोनी तक 280 मीटर लंबी बनेगी। यह सड़क 12 मीटर चौड़ी होगी। बारिश के पहले सड़क का निर्माण चल रहा था। लेकिन इसका काम रुकवा दिया था। अब फिर काम शुरू किया जा रहा है। इसके लिए बगीचे में अभी की बाउंड्रीवाल तोड़कर नई बनाई जाएगी और इसके साथ ही सड़क का निर्माण भी किया जाएगा।

## बड़ा सवाल : चौड़ीकरण के लिए सरकारी जमीन ही क्यों, अतिक्रमण क्यों नहीं हटा रहे

अभी जहां-जहां रोड चौड़ा हुआ। वहां ना अतिक्रमण हटाया और ना जमीन अधिग्रहण किया। हर बार सरकारी जमीन का उपयोग किया। पहले लोकेंद्र भवन के पास फोरलेन निर्माण के दौरान स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की बाउंड्रीवॉल को हटाया था। वहीं, अमृतसागर तालाब रोड से काला गौरा भैरव जाने वाले रोड के चौड़ीकरण के लिए अमृतसागर तालाब की बाउंड्रीवॉल को पीछे किया। आयकर तिराहे से आनंद कॉलोनी तक रोड चौड़ीकरण के लिए कालिकामाता बगीचे की जमीन का इस्तेमाल किया जा रहा है। जबकि, दोनों साइड थोड़ी-थोड़ी जमीन ली जाए तो कालिकामाता मंदिर का बगीचा भी छोटा नहीं हो

भास्कर

दै. भास्कर 2/1/22

तय दर से 66 प्रतिशत अधिक राशि आई

# अमृत सागर तालाब : तीसरी बार गाद निकालने का टेंडर हुआ निरस्त

रतलाम. शहर के प्राचिन अमृत सागर तालाब झील संरक्षण योजना में चल रहे काम को झटका लगा है। लगातार तीसरी बार गाद निकालने का जारी किया गया टेडर को अधिक दर आने के चलते निरस्त कर दिया गया है। अब नगर निगम इसी माह चौथा टेंडर जारी करने की तैयारी करने जा रही है।

अमृत सागर झील संरक्षण योजना में कई काम होने है। इस समय तालाब में जलकुंभी निकालने का कार्य जारी है। जब जलकुंभी निकालने का टेंडर किया गया, उसी समय गाद निकालने का टेंडर भी हुआ था, लेकिन नगर निगम ने जो दर इस कार्य के लिए तय की है, उससे अधिक राशि का टेंडर हर बार आ रहा है। इसके चलते गाद निकालने का कार्य अब तक अमृत सागर झील संरक्षण योजना में नहीं हो पा रहा है। ऐसे में अब जब तीन बार टेंडर निरस्त हो गए है तो निगम चौथी बार टेंडर जारी करने जा रहा है।



## बेहतर कार्य उद्देश्य

अमृत सागर झील संरक्षण योजना में बेहतर कार्य करना नगर निगम का उद्देश्य है। जलकुंभी निकालने का कार्य जारी है। गाद निकालने के लिए जो राशि तय है, उससे अधिक का टेंडर आया, इसलिए उसे निरस्त कर दिया गया है, जल्दी नया टेंडर जारी किया जाएगा।

**- सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

## इन कार्य को करना है

अमृत सागर झील संरक्षण योजना में एक तरफ जहां जलकुंभी निकालने के साथ - साथ गाद निकालने का कार्य करना है, वही दूसरी तरफ इस क्षेत्र में सौदर्यीकरण कार्य को भी करना है। इतना ही नहीं, अमृत सागर झील संरक्षण योजना में नगर निगम यहां के पूरे क्षेत्र को पिकनीक के उपयोगी भी बनाने की योजना बनाए हुए है। हालांकि इन सब में फिलहाल समय लगेगा, क्योंकि अब तक जलकुंभी निकालने का कार्य ही पूरा नहीं हुआ है व गाद निकालने का कार्य शुरू तक नहीं हो पाया है।

## यह है निगम का तय बजट

नगर निगम ने गाद निकालने के लिए जो राशि तय की है उसके अनुसार तीसरी बार किए गए टेंडर में 66 प्रतिशत अधिक राशि का टेंडर आया। निगम ने 3.77 करोड़ रुपए मंजूर किए हुए है, जबकि जो टेंडर आया उसकी दर 5.77 करोड़ रुपए थी। ऐसे में 66 प्रतिशत अधिक राशि का टेंडर आने से इसे निरस्त कर दिया गया व अब चौथी बार टेंडर इसी माह जारी करने की तैयारी की जा रही है।

पत्रिका

पत्रिका 2/1/22



# कईयों ने गोदाम हटाए, जिन्होंने नहीं हटाए उनसे वसूली

**दबंग रिपोर्टर ▸ रतलाम**

मोहन नगर, लक्कड़पीठा आदि क्षेत्रों से कबाड़ गोदाम संचालक स्वयं अपना गोदाम हटा रहे हैं। इसके साथ ही नोटिस के बाद भी शहर से बाहर नहीं जाने वालों के खिलाफ प्रशासन की टीम द्वारा की जा रही कार्रवाई भी जारी रही। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगर में कबाड़ सेन्टर, प्लास्टिक, प्लास्टिक से निर्मित सामग्री, लकड़ी, तेल, आयल, डीजल, गैस सिलेण्डर एवं अन्य खतरनाक वस्तुओं के गोडाउन व दुकानें हटाये जाने की कार्रवाई चल रही है। शनिवार को भी मोहन नगर, लक्कड़पीठा में कार्रवाई हुई।

कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार की जा रही कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों ने स्वयं ही अपना व्यवसाय-बाहर कर लिया है। शेष बचे कबाड़ा व्यवसायियों के गोदामों को तोड़ा जा रहा है। 15 हजार रुपए प्रति घन्टे के मान से संबंधित से राशि भी वसूल की जाएगी। नगर निगम द्वारा नोटिस मिलने के बाद जावरा रोड क्षेत्र में 2 में से 1 ने खाली कर दिया है। हाट रोड क्षेत्र में लच्छू कबाड़ी द्वारा कबाड़ा हटाया जा रहा है। विनोबा स्कूल के सामने 2 ने हटाना प्रारंभ कर दिया है। बीएसएनएल स्टोर बिरियाखेड़ी क्षेत्र में 2 के द्वारा कबाड़ा हटाया जा रहा है। महू रोड राजस्व नगर आनन्द पैलेस के पीछे 2 कबाड़ा व्यवसायियों को अपना कबाड़ा षीघ्र हटाने के निर्देष उपयंत्री राजेन्द्र मिश्रा व मनीश तिवारी द्वारा दिये गये।

दबंग दुनिया 2/1/22

## गंदगी फैलाने वाले ग्यारह लोगों से जुर्माना वसूला

**रतलाम।** गंदगी फैलाने पर राहुल, उमर, शकील, कमल, अनवर, साजिद, फारूख, सोहेल, इमरान मित्र निवास रोड, विजय महू रोड से 100-100 रुपये व दिलीप महू रोड से 50 रुपये का जुर्माना वसूला गया। स्पाट फाइन दल ने सभी को भविष्य में गंदगी नहीं करने की समझाइश दी। वहीं बिना मास्क घूमने वाले 25 व्यक्तियों से 100-100 रुपये जुर्माना वसूलकर मास्क अनिवार्य रूप से लगाने की समझाइश दी गई।

## छह कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटा

**रतलाम।** शहर के व्यावसायिक क्षेत्रों की रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था का निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा निरीक्षण किए जाने पर छह कर्मचारी कर्तव्य स्थल पर अनुपस्थित मिले। निरीक्षण के दौरान जितेंद्र-प्रकाश, दौलत-राजू, धनराज-बसंत, अजय-बसंत, आकाश-मुकेश व नरेंद्र-विजय के अनुपस्थित पाए जाने पर एक दिन का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त करने का कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया।

नईदुनिया 02/01/22

## गंदगी करने पर 16, मास्क नहीं लगाने पर 34 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर के आदेश पर खुले में गंदगी करने वाले 11 लोगों पर नगर निगम की स्पॉट फाईन टीम द्वारा कार्रवाई की गई। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि माँ वैश्णव इन्टरप्राईजेसे मिर्ची गली पर 500, रौनक माणक चौक, हकीम स्टोर छावनीवाला, हातिम भाई, नेषनल जनरल स्टोर, महालक्ष्मी बेंगल मिर्ची गली पर 250-250, फकरूद्धीन माणक चौक पर 200, बाबुलाल सैलाना बस स्टैण्ड, मुन्नालाल दो बत्ती पर 100-100, दषरथ, अषोक, रमेष सैलाना बस स्टैण्ड, नन्दकिषोर, अषोक, राजेष दो बत्ती, बकील माणक चौक पर 50-50 रुपए का स्पॉट फाईन कर भविश्य में गंदगी ना करने की समझाईष दी। इसके अलावा नगर विभिन्न क्षेत्रों में बिना मास्क वाले 34 व्यक्तियों पर 100-100 रुपए का स्पॉट फाईन पर मास्क अनिवार्य रूप से लगाने की समझाईष दी गई। नगर निगम द्वारा नागरिकों से भी अपील की गई कि, गंदा करने वाले नागरिकों, दुकानदारों आदि की जानकारी नगर निगम को दें।

राजएक्सप्रेस 2/1/22

## 69 टन से अधिक कचरा जुलवानिया पहुंचाया

रतलाम। निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे व सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन किया जा रहा है। जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर पहुंचाया जा रहा है जिसके तहत 31 दिसंबर को 69 टन से अधिक कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर पहुंचाया गया। इस कचरे से खाद और अन्य उत्पाद बनाए जाएंगे।

दबंग- 2/1/22

## खुले में गंदगी की, 11 पर स्पॉट फाइन

रतलाम | सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वाले 11 लोगों पर शनिवार को स्पॉट फाइन लगाया। इनमें राहूल, उमर, शकील, कमल, अनवर, साजिद, फारूख, सोहेल, इमरान मित्र निवास रोड, विजय महू रोड पर 100 रुपए तथा दिलीप महू रोड पर 50 रुपए का जुर्माना लगाया। बिना मास्क पहने घूम रहे 25 व्यक्तियों से भी 100 रुपए जुर्माना वसूला।

दै.भास्कर 2/1/22

## नाली जाम, गंदा पानी सड़कों पर बह रहा



रतलाम | फव्वारा चौक पर सफाई नहीं होने से नालियां जाम हो रही हैं। इससे इसका गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। व्यापारी गंदे पानी में व्यापार करने को मजबूर है। पास में बिजली का ट्रांसफार्मर लगा है। इससे करंट का खतरा बना हुआ है।

भास्कर

दै.भास्कर 2/1/22